# होम आइसोलेट 39 मरीजो तथा परिजनों को 47 मेडिकल किट का वितरण

स्वदेश दर्शन
20/5-21

रतलाम। कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की। ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से 18 मई को होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 50 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्डवार गठित दलो वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्डवार गठित दलो द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजो के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया जिसके तहत सूची अनुसार 39 मरीजो को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। 1 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया, 3 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया व 4 मरीजो को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया तथा 3 मरीजो के कान्टेक्ट नम्बर व पते गलत पाये गये। इसके अलावा 47 मेडिसीन किट मरीज के परिजनों को प्रदान की गई।

स्वदेश दर्शन
20-5-21

**कोरोना के कारण बदलाव पर मंथन** पत्रिका

# दीनदयाल रसोई में सूखा राशन और पैक्ड फूड देने की तैयारी

20/5-21

भोपाल @ पत्रिका. प्रदेश में कोरोना कहर के बीच दीनदयाल रसोई योजना में आंशिक बदलाव किए जाने की तैयारी है। कोरोना से भोजन बनाने और खिलाने में आने वाली दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए सूखा राशन-पैक्डफूड देने की तैयारी है। 12 से ज्यादा दीनदयाल रसोई में पैक्ड फूड देना तय हुआ है।

बाकी जगह भी इसे अपनाया जा सकता है। प्रदेश में 100 से ज्यादा दीनदयाल रसोई चल रही हैं। सभी सम्बंधित नगरीय निकायों को कहा गया है कि भोजन के पैकेट के साथ सूखे राशन के पैकेट की व्यवस्था बनाई जा सकती है। दीनदयाल रसोई को पूरा डिटेल भी देना होगा, उन्होंने कौन सी व्यवस्था अपनाई व कितना वितरण हो रहा है। बता दें, जिलों में कोरोना कर्फ्यू लगा होने से भोजन बनाने व वितरण में दिक्कत है। अभी मजदूर सहित जरूरतमंद लोग दीनदयाल रसोई पर खाना खाते हैं।

नगरीय प्रशासन मंत्री, भूपेंद्र सिंह का कहना है कि प्रदेश में अभी 100 जगहों पर दीनदयाल रसोई संचालित है। ये कोरोना कर्फ्यू के चलते भोजन के साथ सूखा राशन देने की व्यवस्था कर सकती हैं। इसके लिए विकल्प दिया गया है। इससे कोरोना संक्रमण काल में गरीब परिवारों को मदद मिलेगी। मालूम हो कि कोरोना संक्रमण के चलते लागू किए गए लॉकडाउन में कामकाज और रोजगार का संकट गहरा गया है, जिससे लोग परेशान हैं।

पत्रिका

**निर्देश** पात्रता पर्ची ना होने पर भी स्व सत्यापित प्रमाण पत्र के आधार पर भी दिया जाये निशुल्क खाद्यान्न

# कमजोर वर्ग एवं प्रवासी मजदूरों के प्रत्येक परिवार को मिले निशुल्क खाद्यान्न

भोपाल। कमजोर एवं प्रवासी मजदूरों के प्रत्येक परिवार को पात्रता पर्ची न होने पर स्व सत्यापित प्रमाण पत्र के आधार पर निशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जाये ।.यह बात सहकारिता मंत्री डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया ने खाद्यान्न वितरण की राज्य स्तरीय समीक्षा की वर्चुअल मीटिंग में कही। बैठक में खाद्य मंत्री श्री बिसाहू लाल भी उपस्थित थे ।



मंत्री डॉ. भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज चौहान की घोषणा के अनुसार तीन माह का तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का दो माह के नि:शुल्क खाद्यान्न सहित प्रत्येक पात्र परिवार को 5 माह का नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया जाये। प्रत्येक गरीब परिवार को नि:शुल्क मिले इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी में लॉकडाउन के कारण अधिकतर लोगों का रोजगार बंद है ऐसे नाजुक हालात में कोई भी नागरिक खाद्यान्न की कमी के कारण भूखा न रहे इसलिए सहकारी समितियाँ प्रथम प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण ईमानदारी से खाद्यान्न वितरण का कार्य करें। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए कोरोना गाइड लाइन का सख्ती से पालन किया जाये। उपभोक्ताओं को उचित दूरी पर रखकर ही खाद्यान्न वितरण किया जाये। राशन वितरण दुकानों को पूरे माह खोला जाये ताकि ज्यादा भीड़ जमा न हो। डॉ . भदौरिया ने निर्देश दिए की वृद्ध लोगों के घर तक नि:शुल्क खाद्यान्न पहुंचाने की व्यवस्था की जाये मंत्री डॉ. भदौरिया ने कहा कि खाद्यान्न वितरण में लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों की कोरोना काल में काम करने में आ रही परेशानियों को दूर किया जायेगा साथ ही जायज मांगों को शीघ्र-अतिशीघ्र पूरा किया जायेगा ।उन्होंने खाद्यान्न वितरण का कार्य अभियान के रूप में करने के निर्देश दिए ।

मंत्री डॉ. भदौरिया ने लक्ष्य से कम खाद्यान्न वितरण पर सागर , निवाड़ी ,छतरपुर ,पन्ना के अधिकारियों को फटकार लगाई तथा निर्देश दिए कि मई माह के अंत तक शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करें।

खाद्य मंत्री श्री बिसाहू लाल कहा कि मांग के अनुसार निर्धारित समय पर खाद्यान्न कीआपूर्ति की जा चुकी है। सभी केंद्रों पर कोरोना गाइड लाइन का पूर्ण पालन करते हुए वितरण किया जाए ।

प्रमुख सचिव खाद्य श्री फैज अहमद किदवई ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम की 25 पात्र श्रेणियों के तहत प्रत्येक पात्र परिवार को नि:शुल्क खाद्यान्न का लाभ दिया जाए। पात्रता पर्ची ,आधार कार्ड आदि प्रमाण पत्र न होने पर स्व सत्यापित प्रमाण पत्र के आधार पर पात्र हितग्राही को खाद्यान्न वितरण किया जाए ।स्थानीय निकायों से ऐसे परिवारों की अस्थाई पात्रता पर्ची जारी कराइ जाए ।ऐसे सभी पात्र परिवारों की एंट्री विभाग द्वारा बने गए मॉड्यूल में करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव सहकारिता श्री अजीत केसरी,नागरिक आपूर्ति निगम के एमडी श्री तरुण पिथोड़े ,आयुक्त सहकारिता श्री नरेश पाल ,राज्य सहकारी बैंक के एमडी श्री प्रदीप नीखरा एवं पूरे प्रदेश के सहकारिता एवं खाद्य विभाग के अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े थे।

20/5-21

20/5-21

# पहली से धीरे-धीरे खुलेगा प्रदेश

## राहत ● मुख्यमंत्री बोले, हमें दुनिया भी चलानी है, एक जून से अनलाक शुरू करेंगे

20-5-21

उज्जैन (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रदेश में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए लागू बंदिशों में एक जून से धीरे-धीरे छूट मिलना शुरू होगी। इसके लिए प्रदेश शासन द्वारा वैज्ञानिक तरीका अपनाया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को उज्जैन में कोविड नियंत्रण को लेकर समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी।

उन्होंने संभाग के सभी जिलों का जायजा लेने के बाद कहा कि प्रदेश में कोरोना काबू में है। संक्रमण दर नीचे जा रही है, मगर हमें अतिआत्मविश्वास में नहीं रहना है। कोरोना कर्फ्यू जैसे कदमों से यह नियंत्रण में आया है। हमें दुनिया भी चलानी है। इसलिए एक जून से हम वैज्ञानिक तरीके से अनलाक शुरू करेंगे। धीरे-धीरे कोरोना कर्फ्यू हटाएंगे, मगर 31 मई तक कोई छूट नहीं मिलेगी।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में उज्जैन सहित संभाग के सभी जिले रतलाम, मंदसौर, नीमच, शाजापुर, आगर और देवास के आला



उज्जैन में समीक्षा बैठक में रिपोर्ट देखते मुख्यमंत्री शिवराजसिंह। ● नईदुनिया

अधिकारी और प्रमुख जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण, कस्बों और जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समूहों से कहा कि वे 31 मई तक कोरोना के मामले शून्य करने का संकल्प लें। मेरा गांव, मेरा वार्ड, मेरा कस्बा और मेरा जिला कोरोना मुक्त हो, यह संकल्प लें। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कुछ दिनों पहले तक अस्पतालों में जगह नहीं थी, आक्सीजन की मारामारी थी। मैं यह कहता हूं कि मुझे ऐसे बच्चों के नाम बताओ, जिनके अभिभावक नहीं रहे, हृदय में बहुत पीड़ा होती है। हमने कई अपनों को खोया है।

**उज्जैन में मेडिकल कालेज खुलेगा :** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उज्जैन में मेडिकल कालेज खोलने की भी घोषणा की। सांसद फिरोजिया लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। जिलों के आपदा प्रबंधन समूहों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान देंगे।

### यह भी कहा

- कोरोना की तीसरी लहर से लड़ने की हमें तैयारी करनी है
- ब्लैक फंगस के बढ़ते मामले बहुत चिंताजनक हैं
- जीवनवर्द्धक वस्तुओं की कालाबाजारी करने वाले नरपिशाच
- सभी कलेक्टर टीकाकरण पर विशेष ध्यान दें

### खराब मौसम के कारण रतलाम नहीं आए मुख्यमंत्री

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री तय कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को रतलाम नहीं पहुंचे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा- 'खराब मौसम के कारण मुख्यमंत्री का दौरा निरस्त हुआ है। वीसी में सीएम द्वारा जिले में कोरोना की स्थिति पर समीक्षा की गई।' जिले में संक्रमण दर 15 प्रतिशत से ज्यादा जबकि मृत्यु दर करीब 1.76 है।

नई दुनिया 20-5-21

**समय-सीमा का भी सख्ती से हो पालन** | चार हजार से अधिक कर्मचारियों की हो चुकी है मौत

# अनुकम्पा नियुक्ति के नियमों में सरलीकरण जरूरी

पत्रिका न्यूज पंच

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 20-5-21

**भोपाल.** कोविड-19 के कारण दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति दिए जाने का निर्णय राज्य सरकार ने लिया है। इसका ज्यादातर कर्मचारी संगठनों ने स्वागत किया है। इसके साथ ही अब अनुकम्पा नियुक्ति के नियमों का सरलीकरण किए जाने की मांग भी उठने लगी है।

कर्मचारियों का कहना है सरकार नियमों को सरल करे, तभी निर्धारित समय-सीमा में उनके आश्रितों को इसका लाभ मिल पाएगा। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में सैकड़ों की संख्या में अनुकम्पा नियुक्ति के मामले लंबित हैं, लेकिन इन पर विचार नहीं हो पा रहा है। इसका एक मात्र कारण नियमों का पेंच है। कहीं पद रिक्त न होने के कारण आवेदन लंबित हैं, तो कहीं आरक्षण या फिर अन्य अड़चनें हैं। इसमें सबसे ज्यादा मामले शिक्षा विभाग के लंबित हैं।

कोरोनाकाल में चार हजार से ज्यादा सरकार कर्मचारियों की मौत हो चुकी है। हालांकि, सरकारी विभाग इनके आंकड़े जुटा रहे हैं। इनके आश्रितों को पात्रता के अनुसार अनुकम्पा नियुक्ति मिलना है।

### एक माह हो समय सीमा

मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के विजय मिश्रा का कहना है कि अनुकम्पा नियुक्ति के लिए एक माह की समय-सीमा निर्धारित होना चाहिए। इस समय अवधि में कर्मचारी के आश्रित को लाभ दिया जाए। उन्होंने यह मांग भी की है कि मार्च 2020 और उसके बाद मृत कर्मचारियों के आश्रितों को कोविड योद्धा कल्याण योजना का लाभ और अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है।

### कोविड से शिक्षकों की अधिक मौत

**कोविड-19 संक्रमण** के चलते प्रदेश में शिक्षकों की सर्वाधिक मौत हुई है। इनकी संख्या 366 से अधिक है। वहीं 35 बिजली कर्मचारी, 88 पुलिसकर्मियों की जान कोरोना संक्रमण के कारण जा चुकी है। राज्य मंत्रालय में ही एक सौ से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों की मौत कोरोना के कारण हो चुकी है। इसके अलावा अन्य विभागों में कई अधिकारी व कर्मचारी जान गंवा चुके हैं।

पत्रिका
20-5-21

# रतलाम नगर निगम को आगाह करता प्री-मानसून

**रतलाम।** ताउ-ते तूफान के कारण गुजरात और राजस्थान से लगे मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जिले रतलाम में रविवार से शुरू हुए बारिश के दौर ने नगर निगम को आगाह कर दिया है। निगम का अमला अभी पूरी तरह कोरोना महामारी से निपटने में लगा है, लेकिन इसके साथ ही उसे जून में शुरू होने वाले वर्षाकाल की तैयारियां भी करना है। मई आधे से अधिक बीतने के बाद भी निगम नहीं चेता था। सीवरेज लाइन के कारण क्षतिग्रस्त हुई अधिकांश सड़कों पर कीचड़ की समस्या मुंह बाए खड़ी हो गई है।

बारिश से लगभग सभी सड़कें तरबतर हो गई। सोमवार को तो दिनभर रिमझिम तथा तेज बारिश का सिलसिला रुक-रुककर चलता रहा। इससे मौसमी तौर पर लोगों को भले ही गर्मी से राहत मिली, लेकिन बाद में उमस और अन्य बीमारियों के साथ नगर निगम के लिए नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। बारिश के दौरान कई क्षेत्रों में बिजली की आंखमिचौली भी देखने को मिली, जिससे बिजली कंपनी द्वारा आए दिन किए जाने वाले रखरखाव की पोल खुल गई है। इसी प्रकार नगर निगम हर वर्ष बारिश से पूर्व जो तैयारियां करता आ रहा है, उनकी याद भी इस बारिश ने दिला दी है। इस बार निगम ने कहीं भी नाले-नालियों की सफाई का कार्य शुरू नहीं कराया है। शहर में सीवरेज के लिए जो सड़कें खोदी गई थीं, उनकी पूरी मरम्मत भी नहीं हुई है। इससे मुख्य मार्गों पर कीचड़ और गड्ढे हो गए हैं। लगातार बारिश से कई जगह पानी की समुचित निकासी नहीं होने से जलजमाव की स्थिति भी निर्मित हुई है। कुल मिलाकर तेज बारिश ने नालियों की गंदगी सड़कों पर फैला दी। जबकि हल्की बारिश में रेलमपेल से कीचड़ ही कीचड़ हो गया है। इन समस्याओं से निपटने के लिए नगर निगम को समय रहते योजना बनाना होगी, अन्यथा आने वाले समय में बारिश से भी शहरवासियों को कई समस्याओं से रूबरू होना पड़ सकता है।

साप्ताहिक उपग्रह

20-5-21

उज्जैन संभाग के सभी जिले 31 मई तक कोरोना संक्रमण दर शून्य पर ले आने का संकल्प लें

# सभी के प्रयासों से प्रदेश में कोरोना संक्रमण काबू की स्थिति में : मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

**रतलाम। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश की जनता, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और शासकीय अमले के समन्वित प्रयासों से हम प्रदेश में कोरोना संक्रमण काबू करने की स्थिति में आ गए हैं। अभी हम अतिआत्मविश्वास में न आएं और किसी तरह की ढील न दें।**



उन्होंने उज्जैन संभाग के सभी जिलों की उज्जैन से समीक्षा करते हुए कहा कि उज्जैन संभाग के सभी जिले कोरोना की संक्रमण दर को 31 मई तक शून्य पर लाने का संकल्प लें। समीक्षा के दौरान रतलाम एनआईसी कक्ष में रतलाम सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप, विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, गोविंद काकानी, वीरेंद्र पाटीदार, पुलिस उपमहानिरीक्षक सुशांत सक्सेना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, [illegible] मीनाक्षीसिंह, एडीएम श्रीमती जमुना भिडे, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता मौजूद थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी जिलों की समीक्षा के उपरांत उद्बोधन में कहा कि संभाग के सभी जिलों में किल कोरोना अभियान निरंतर जारी रखें। यह अभियान जून में भी जारी रहेगा। कोरोना टेस्ट की संख्या किसी भी स्थिति में कम न करें। अधिकतम टेस्ट करें तभी हम संक्रमण की चैन को तोड़ पाएंगे। होम आइसोलेशन में लोगों को योग से निरोग जैसे प्रयासों से प्रोत्साहित करें। जिन्हें होम आइसोलेशन में कोई परेशानी हो उन्हें कोविड केयर सेंटर में भर्ती करवाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए हमें अभी से तैयारी रखनी है। प्रदेश में पैरा मेडिकल स्टाफ की भर्ती की जा रही है। नर्स और डॉक्टर की भर्ती भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्लैक फंगस के लिए इंजेक्शन की व्यवस्था की जा रही है। यह मिलते ही जिलों में इन्हें वितरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री सिंह ने कहा कि हर जिले में पोस्ट कोविड केयर सेंटर बनाएं। यहां संक्रमण मुक्त होने के उपरांत किसी मरीज को कोई परेशानी है तो उसे भर्ती करें। ब्लैक फंगस, रक्त के थक्के जमने जैसी समस्या वालों को भी यहां भर्ती करें। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन अधिक से अधिक करवाएं, वैक्सीन का कोई भी डोस व्यर्थ न जाने दें।

मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टर को निर्देशित किया कि सभी जिलों में राशन का वितरण व्यवस्थित हो। कोई भी पात्र राशन के बगैर न रहे। बेसहारा हुए बच्चों को पेंशन योजना से लाभान्वित करने के लिए उन्हें चिन्हित कर लें। प्रदेश के शहरी स्ट्रीट वेंडर के खाते में राशि जमा कर दी गई है। अब ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर, भवन सन्निर्माण मजदूरों के खातों में भी शीघ्र ही धनराशि जमा की जाएगी ताकि उनकी जीवनचर्या भी ठीक से चल सके।

**विशेष कार्ययोजना बनाएं-मुख्यमंत्री**

शिवराजसिंह चौहान ने संभाग के सभी जिलों की समीक्षा की। रतलाम की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री श्री सिंह ने कहा कि रतलाम में संक्रमण के केस अभी कम नहीं हुए हैं। इसलिए जहां ज्यादा संक्रमण के केस मिल रहे हैं वहां के लिए अलग से योजना बनाएं। माइक्रो कंटेनमेंट एरिया बनाएं। गांव की क्रायसेस मैनेजमेंट कमेटी को सक्रिय करें। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में संक्रमण की दर को कम करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाकर प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले सात दिनों में जिले में एक्टिव केस घटे हैं। अस्पतालों में मरीजों को बेड की उपलब्धता हो रही है। रतलाम जिले में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने की प्रक्रिया भी जारी है। उन्होंने बताया कि रतलाम शहर में 110 कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं इसके परिणाम बेहतर मिले हैं, यहां केस कम हुए हैं। इसी तरह पूरे जिले में 400 से अधिक माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र बनाए गए हैं। उन्होंने रतलाम जिले में अब तक किए गए प्रयासों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। सांसद गुमानसिंह डामोर इस अवसर पर कहा कि प्रदेश के बेसहारा बच्चों के लिए जो योजना मुख्यमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई है वह इन बच्चों के जीवन में नई रोशनी बिखेरेगी। उन्होंने कहा कि रतलाम में सीटी स्कैन मशीन शीघ्र आ जाए तो एक बड़ी कमी पूरी होगी। ब्लैक फंगस के लिए भी इंजेक्शन की उपलब्धता हो ताकि पेशेंट को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि पिछले समय में हुए समन्वित प्रयासों से रतलाम शहर में संक्रमण नियंत्रित हुआ है। मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन प्लांट शीघ्र ही चालू होने वाला है, इसके बाद 100 ऑक्सीजन बेड और बढ़ाए जा सकेंगे।

इन्दौर समाचार
9-5-21

# रतलाम में संक्रमण के मामले अभी कम नहीं हुए कार्ययोजना बनाकर नियंत्रण किया जाए-मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिये कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों से चर्चा की

स्वदेश 20/5/21



रतलाम ● स्वदेश समाचार

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को बुधवार को रतलाम आना था, लेकिन मौसम की खराबी के कारण वे यहां तो नहीं आए, लेकिन उन्होंने उज्जैन से विडियो कांफ्रेंस के जरिये संभाग के सभी कलेक्टरों एवं जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों से चर्चा की तथा कहा कि संभाग के सभी जिले कोरोना की संक्रमण दर से 31 मई तक शून्य पर लाने का संकल्प ले। अभी हम अतिआत्मविश्वास में न आए और किसी तरह की ढील न दें।

रतलाम की समीक्षा के दौरान रतलाम एनआईसी कक्ष में सांसद, विधायकों तथा अधिकारियों एवं सदस्यों को वीडियो कांफ्रेंस के जरिये संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री सिंह ने कहा कि रतलाम में संक्रमण के केस अभी कम नहीं हुए हैं इसलिए जहां ज्यादा संक्रमण के केस मिल रहे हैं वहां के लिए अलग से कार्य योजना बनाएं। माइक्रो कंटेनमेंट एरिया बनाएं। गांव की क्राइसेस मैनेजमेंट कमेटी को सक्रिय करें।

### अभियान जून में भी जारी रहेगा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी जिलों की समीक्षा के उपरांत उद्बोधन में कहा कि संभाग के सभी जिलों में किल कोरोना अभियान निरंतर जारी रखें। यह अभियान जून में भी जारी रहेगा। कोरोना टेस्ट की संख्या किसी भी स्थिति में कम न करें। अधिकतम टेस्ट करें तभी हम संक्रमण की चेन को तोड़ पाएंगे। जिन्हें होम आइसोलेशन में कोई परेशानी हो उन्हें कोविड केयर सेंटर में भर्ती करवाएं।

### प्रदेश में पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती की जा रही है

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए हमें अभी से तैयारी रखनी है। प्रदेश में पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती की जा रही है। नर्स और डॉक्टर की भर्ती भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्लैक फंगस के लिए इंजेक्शन की व्यवस्था की जा रही है। यह मिलते ही जिलों में इन्हें वितरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री सिंह ने कहा कि हर जिले में पोस्ट कोविड केयर सेंटर बनाएं। वहां संक्रमण मुक्त होने के उपरांत किसी मरीज को कोई परेशानी है तो उसे भर्ती करें। ब्लैक फंगस, रक्त के थक्के जमने जैसी समस्या वालों को भी यहां भर्ती करें। उन्होंने कहा कि टीकाकरण अधिक से अधिक करवाएं, टीके का कोई भी डोस व्यर्थ न जाने दें।

### विशेष कार्ययोजना बनाने के प्रयास -कलेक्टर

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में संक्रमण की दर को कम करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाकर प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले सात दिनों में जिले में एक्टिव केस घटे हैं। अस्पतालों में मरीजों को बेड की उपलब्धता हो रही है। रतलाम जिले में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने की प्रक्रिया भी जारी है। उन्होंने बताया कि रतलाम शहर में 110 कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं इसके परिणाम बेहतर मिले हैं, यहां केस कम हुए हैं। इसी तरह पूरे जिले में 400 से अधिक माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र बनाए गए हैं। उन्होंने रतलाम जिले में अब तक किए गए प्रयासों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### ग्रामीण क्षेत्र में संक्रमण अधिक है-मकवाना

विधायक दिलीप मकवाना ने कहा कि रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की एवं बेड बढ़ाने की व्यवस्था की जा चुकी है। ग्रामीण क्षेत्र में संक्रमण कहीं अधिक है। पिछले दिनों किए गए प्रयासों से स्थिति में सुधार हो रहा है। राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने कॉपरेटिव बैंक के माध्यम से किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति तथा वैक्सीनेशन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाने संबंधी आग्रह किया।

### सिटी स्कैन मशीन शीघ्र लगे

सांसद गुमानसिंह डामोर ने कहा कि रतलाम में सीटी स्कैन मशीन शीघ्र आ जाए तो एक बड़ी कमी पूरी होगी। ब्लैक फंगस के लिए भी इंजेक्शन की उपलब्धता हो ताकि पेशेंट को किसी तरह की परेशानी नहीं हो।

### जलकर और बिजलीकर के अधिभार से मुक्त किया जाएं- काश्यप

विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन प्लांट शीघ्र ही चालू होने वाला है। इसके बाद 100 ऑक्सीजन बेड और बढ़ाए जा सकेंगे। कॉलेज में नर्सिंग स्टाफ की कमी है, इसे शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने सीटी स्कैन मशीन के संबंध में कहा कि इन मशीनों का ऑर्डर तो हो चुका है मगर उनकी डिलीवरी अब तक नहीं हो पा रही है। यदि ये मशीन शीघ्र उपलब्ध हो जाए तो रतलाम की जनता को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में जून में खेती-किसानी की गतिविधियां प्रारंभ हो जाएगी, इसलिए इस संबंध में प्रदेश स्तर से आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने जलकर एवं बिजली बिल को 30 जून तक अधिभार से मुक्त रखने का भी आग्रह किया। श्री काश्यप ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अगला समय चुनौती का रहेगा, इसलिए इन क्षेत्रों में विशेष प्रयास किए जाना आवश्यक है। श्री काश्यप ने कहा कि ब्लैक फंगस के लिए इंजेक्शन संबंधी अधिकार कलेक्टर स्तर पर दिए जाएं ताकि पीड़ितों को आसानी से यह सुविधा प्राप्त हो सके।

### नर्सेज एवं मैन पावर की कमी-डॉ. पांडे

विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे ने कहा कि रतलाम मेडिकल कॉलेज द्वारा किए गए प्रयासों की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। यहां नर्सेज और मैन पावर काफी कम है। इसके साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों पर एएनएम की कमी महसूस की जा रही है, इस कमी को पूरा कर दिया जाए तो जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जावरा में विधायक निधि तथा स्थानीय स्तर पर समाजसेवियों द्वारा दिए गए सहयोग द्वारा ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की जा रही है। इस प्लांट की स्थापना से यहां ऑक्सीजन बेड की संख्या बढ़ जाएगी। डॉ. पांडे ने कहा कि तहसील स्तर पर रोगी कल्याण समितियों की आर्थिक स्थिति कमजोर है। इन समितियों को यदि तत्काल संसाधन जुटाने के लिए धनराशि उपलब्ध करा दी जाए तो काफी कार्य हो सकते हैं।

स्वदेश 20/5/21

**परिजन परेशान** • लोगों के क्लेम, अनुकंपा नियुक्ति सहित जरूरी काम अटके, डीन बोले-पोर्टल से हो रहे लेट

# 3 दिन में मिलने वाला मृत्यु प्रमाण-पत्र मेडिकल कॉलेज से 1 महीने में मिल रहा

20/5-21

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिला अस्पताल व नगर निगम लोगों को जहां तीन दिन में मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं। वहीं मेडिकल कॉलेज से परिजन को मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने में 21 दिन से एक महीने का लग रहा है। ऐसे में प्रमाण पत्र के इंतजार में लोगों के जरूरी काम अटक गए हैं और उन्हें प्रमाण पत्र के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। सरकारी विभाग होने के बाद भी अपना नियम बना रखा है।

बीमा क्लेम की राशि, अनुकंपा नियुक्ति, बैंक अकाउंट की राशि, पेंशन पाने के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र की जरूरत होती है। क्लेम आवेदन के साथ यह प्रमाण पत्र जरूरी है। लेकिन मेडिकल कॉलेज में मौत होने के बाद जब अ मरीज के परिजन मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने जा रहे हैं तो उन्हें एक ही जवाब मिल रहा है कि आपको प्रमाण पत्र चाहिए तो एक महीने के अंदर आना।

## जानिए, लोगों की परेशानी

**केस-1 25 दिन बाद आनो**

अलकापुरी के लक्ष्मीनारायण शर्मा की मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। उनके परिजन जब प्रमाण पत्र लेने गए तो जवाब मिला 25 दिन बाद आना मिल जाएगा।

**केस-2 दो बार आवेदन लिया**

दिलीप नगर निवासी गोपाल राठौड़ ने बताया चाची का मृत्यु प्रमाण पत्र लेने गए तो बोला आधार कार्ड लाओ। दोबारा गए तो आवेदन लिया। 21 दिन बाद देने का बोला।

भास्कर

### इन कामों में आ रही रुकावटें

- परिवार पेंशन शुरू नहीं हो पा रही।
- अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन रुके।
- एलआईसी समेत अन्य पॉलिसियों वालों के क्लेम भी अटक गए।
- कर्मचारियों और लोगों के बैंक अकाउंट हैं और उनमें राशि जमा है। इससे राशि नहीं निकल पा रही है।

## नगर निगम और जिला अस्पताल तीन कार्य दिवस में दे रहे तो फिर यहां इतनी देर क्यों

युवक कांग्रेस के राकेश आचार्य ने बताया मृत्यु के बाद जिला अस्पताल और नगर निगम द्वारा तीन दिन में मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर दिए जा रहे हैं तो फिर मेडिकल कॉलेज में इतने दिन क्यों लगाए जा रहे हैं। इससे किसी को बीमा क्लेम तो किसी की अनुकंपा नियुक्ति नहीं हो पा रही है। मेडिकल कॉलेज में भी मृत्यु प्रमाण पत्र का समय तीन दिन किया जाए ताकि लोगों के जरूरी काम ना अटकें। मप्र शिक्षक संघ के अध्यक्ष सर्वेश माथुर ने बताया अनुकंपा नियुक्ति सहित अन्य भुगतान में डेथ सर्टिफिकेट जरूरी है। डेथ सर्टिफिकेट समय पर मिले।

## सामान्य मौत में मृत्यु प्रमाण-पत्र बनने में इन विभागों में तीन दिन से ज्यादा नहीं लगते

**नगर निगम** - यदि किसी व्यक्ति की घर में या नार्मल डेथ होती है तो मृत्यु प्रमाण पत्र नगर निगम में बनता है। परिजनों द्वारा निगम को आवेदन देने पर अधिकतम तीन कार्य दिवस में सर्टिफिकेट जारी कर दिया जाता है।

**जिला अस्पताल**- यदि जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत होती है तो जिला अस्पताल द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। परिजन द्वारा अस्पताल प्रशासन को आवेदन देने के अधिकतम तीन कार्य दिवस में प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाता है।

## सीधी बात

डॉ. जितेंद्र गुप्ता, डीन

**भास्कर** - कॉलेज में डेथ सर्टिफिकेट मिलने में समय क्यों लग रहा है।

**डीन** - हम जल्द देने के प्रयास करते हैं, फिर भी कम से कम दो सप्ताह का समय लगता है।

**भास्कर** - अन्य विभागों में तो तीन दिन में मिल जाता है तो कॉलेज से क्यों नहीं।

**डीन** - इसकी जानकारी नहीं है, पोर्टल से सर्टिफिकेट देते हैं, पंजीयन वाला रहता है। पोर्टल पर ही समय लगता है।

**भास्कर** - परिजनों को परेशान होना पड़ता है।

**डीन** - मृत्यु प्रमाण पत्र लेने आने वाले लोगों को हम शुरुआत में हम कच्ची रसीद देते हैं। पंजीयन पोर्टल से ही दे सकते हैं। इससे देरी लगती है पोर्टल पर समय निर्धारित है।

## महिलाओं के बीच मारपीट

भास्कर संवाददाता | रतलाम

समीपस्थ ग्राम गुडरखेड़ा में टापरे में पन्नी लगाने की बात पर दो महिलाओं में मारपीट हो गई। बिलपांक थाने में आरोपी महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गुडरखेड़ा निवासी रेशमबाई पति सीताराम बरसात से बचने के लिए टापरे की छत में पन्नी बांध रही थी। पन्नी का सीरा दूसरे टापरे में बांधने पर महिला सरस्वतीबाई पति गंगाराम ने विवाद कर मारपीट की। बिलपांक थाने में रेशम बाई के रिपोर्ट पर सरस्वती के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## अस्थाई खाद्यान्न पर्ची के लिए 2922 आवेदन

रतलाम | गरीब परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए सरकार पात्रता पर्ची-विहीन या छूटे हुए गरीब परिवारों को अस्थाई खाद्यान्न पर्ची बनाकर दे रही है। 2922 परिवार आवेदन कर चुके हैं। 14 से 19 मई तक में जोन एक पर 527, जोन दो पर 690, जोन तीन पर 845, जोन चार पर 860 आवेदन आए हैं। सत्यापन राशन-मित्र पोर्टल पर शुरू हो गया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया एनएफएसए 2013 के तहत 24 श्रेणी के परिवारों को पात्रता श्रेणी में लिया गया है।

भास्कर 20/5/21

बैठक | मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिये समीक्षा कर दिए दिशा निर्देश

# रतलाम में केस कम नहीं हुए हैं, विशेष योजना बनाएं

नईदुनिया 20

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रदेश की जनता, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और शासकीय अमले के समन्वित प्रयासों से हम प्रदेश में कोरोना संक्रमण काबू करने की स्थिति में आ गए हैं। अभी हम अतिआत्मविश्वास में न आएं और किसी तरह की ढील न दें।

यह बात सीएम शिवराजसिंह चौहान ने बुधवार को उज्जैन संभाग के सभी जिलों की उज्जैन से वीडियो कांफ्रेंसिंग से समीक्षा करते हुए कही। समीक्षा के दौरान रतलाम एनआइसी कक्ष में रतलाम सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक रतलाम शहर चैतन्य काश्यप, विधायक जावरा डा. राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, गोविंद काकानी, वीरेंद्र पाटीदार, डीआइजी सुशांत सक्सेना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी आदि मौजूद थे।

शहर विधायक काश्यप ने कहा कि मेडिकल कालेज में आक्सीजन प्लांट शीघ्र ही चालू होने वाला है, इसके बाद 100 आक्सीजन बेड और बढ़ाए जा सकेंगे। मेडिकल कालेज में नर्सिंग स्टाफ की कमी को शीघ्र पूरा किया जाए। सीटी स्कैन मशीन का आर्डर तो हो चुका है, लेकिन डिलीवरी अब तक नहीं हो पा रही है। यदि ये मशीन शीघ्र उपलब्ध हो जाए तो जनता को बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्र में जून में खेती-किसानी की गतिविधियां प्रारंभ हो जाएगी, इसलिए प्रदेश स्तर से निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने जलकर एवं बिजली बिल को 30 जून तक अधिभार से मुक्त रखने का भी आग्रह करते हुए कहा कि ब्लैक फंगस के लिए इंजेक्शन संबंधी अधिकार कलेक्टर स्तर पर दिए जाएं ताकि पीड़ितों को आसानी से यह सुविधा प्राप्त हो सके। सांसद डामोर ने कहा कि रतलाम में सीटी स्कैन मशीन शीघ्र आ जाए तो एक बड़ी कमी पूरी होगी।

**स्वास्थ्य केंद्रों पर एएनएम की कमी:** जावरा विधायक डा. पांडे ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों पर एएनएम की कमी को पूरा कर दिया जाए तो जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा। जावरा में विधायक निधि तथा स्थानीय स्तर पर समाजसेवियों द्वारा दिए गए सहयोग द्वारा आक्सीजन प्लांट की स्थापना की जा रही है। तहसील स्तर पर रोगी कल्याण समितियों की आर्थिक स्थिति कमजोर है। इन समितियों को यदि तत्काल संसाधन जुटाने के लिए धनराशि उपलब्ध करा दी जाए तो काफी कार्य हो सकते हैं। रतलाम ग्रामीण विधायक मकवाना ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में संक्रमण कहीं अधिक है। पिछले दिनों किए गए प्रयासों से स्थिति में सुधार हो रहा है। राजेंद्रसिंह लुनेरा ने कार्पोरेटिव बैंक के माध्यम से किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति तथा वैक्सीनेशन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाने की बात कही।

**विशेष कार्ययोजना बनाएं:** मुख्यमंत्री ने रतलाम की समीक्षा के दौरान कहा कि संक्रमण के केस अभी कम नहीं हुए हैं। इसलिए जहां ज्यादा संक्रमण के केस मिल रहे हैं वहां के लिए अलग से योजना बनाएं। माइक्रो कंटेनमेंट एरिया बनाएं। गांव की क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी को सक्रिय करें। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में संक्रमण की दर को कम करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाकर प्रयास किए जा रहे हैं। सात दिन में जिले में एक्टिव केस घटे हैं। शहर में 110 व पूरे जिले में 400 से अधिक कंटेनमेंट जोन बनाए गए।

### कोरोना से लड़ाई में सीएम ने दिए ये निर्देश

- कील कोरोना अभियान जून में भी जारी रहेगा।
- कोरोना टेस्ट की संख्या किसी भी स्थिति में कम न करें।
- होम आइसोलेशन में लोगों को योग से निरोग जैसे प्रयासों से प्रोत्साहित करें। जिन्हें होम आइसोलेशन में कोई परेशानी हो उन्हें कोविड केयर सेंटर में भर्ती करवाएं।
- ब्लैक फंगस के लिए इंजेक्शन मिलते ही जिलों में इन्हें वितरित किए जाएंगे।
- हर जिले में पोस्ट कोविड केयर सेंटर बनाएं। वहां संक्रमण मुक्त होने के बाद कोई परेशानी होने, ब्लैक फंगस, रक्त के थक्के जमने जैसी समस्या वालों को भर्ती करें।
- वैक्सीनेशन अधिक से अधिक करवाकर एक भी डोज व्यर्थ न जाने दें।
- कोई भी पात्र व्यक्ति राशन के बगैर न रहे।
- ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर, भवन सन्निर्माण मजदूरों के खातों में भी शीघ्र ही धनराशि जमा की जाएगी।

नई दुनिया 20-5-21

# 19वें दिन 162 नए पाजिटिव और पांच की मौत

नईदुनिया 20



रतलाम के रहवासी क्षेत्र में सैनिटाइजेशन करते हुए निगम कर्मचारी। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना की रोकथाम के लिए लगातार व्यवस्थाओं में सुधार किया जा रहा है। जगह-जगह कोविड केयर सेंटर बनाए जा रहे हैं, वहीं कील कोरोना अभियान के तहत जांच का दायरा भी बढ़ा दिया गया है। बीते 11 दिनों से लगातार नए कोरोना मरीजों की संख्या घटने और स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़ने से शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासी राहत महसूस कर रहे हैं।

मई माह के 19वें दिन बुधवार को 162 नए पाजिटिव केस सामने आए। तीन की मौत हुई। 338 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 2881 है। जिले में अब तक 16526 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 13369 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 276 पर पहुंच गया है।

**मेडिकल कालेज में 33 नए मरीज भर्ती:** शासकीय मेडिकल कालेज में बुधवार को 33 नए मरीज भर्ती हुए। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आइसीयू बेड 56, एचडीयू में 172 बेड, आक्सीजन बेड 180 सभी फुल हैं। नान आक्सीजन बेड 142 में से 38 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 466 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 289 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 104 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार अभी तक टोटल रिसीव्ड 6856, डिस्ट्रीब्यूटेड 1437, कन्ज्यूम्ड 4935, करंट स्टाक 484 है।

**कंटेनमेंट क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन जारी:** कोरोना के फैलाव को रोकने हेतु कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाए जाने पर बनाए गए कंटेनमेंट क्षेत्रों में फायर लारी, ट्रैक्टर, हैंड स्प्रे मशीन से सैनिटाइजेशन किया जा रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि 124 कंटेनमेंट क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी में एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर सैनिटाइजेशन का कार्य जोन अनुसार नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। कंटेनमेंट क्षेत्र के अलावा फायर लारी, ट्रैक्टर से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, ओल्ड क्लोवस कालोनी, चंद्रेश्वर महादेव मंदिर से नई पानी की टंकी तक, अलकापुरी गांधी स्कूल सहित विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैंड मशीन के माध्यम से मेडिकल कालेज, माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों को सैनिटाइज किया गया।

**नगरीय क्षेत्र में 124 कंटेनमेंट जोन बनाए:** कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए कलेक्टर के निर्देशानुसार कंटेनमेंट जोन बनाए जा रहे हैं। शहर में अब तक 124 कंटेनमेंट जोन बनाए जा चुके हैं।

**35 मरीजों को मेडिसिन किट वितरित:** ई-दक्ष केंद्र से होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 49 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों को वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्डवार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया। सूची अनुसार 35 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण किया गया। तीन मरीज उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती होना पाए गए। दो मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाए गए। पांच मरीजों को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया तथा पांच मरीजों के कांटेक्ट नंबर व पते गलत पाए गए। इसके अलावा 58 मेडिसिन किट मरीज के स्वजनों को प्रदान की गई।

# दुकानें खुली मिलने पर 14 दुकानदारों के खिलाफ केस दर्ज, बेवजह घूमने पर 77 लोगों को अस्थायी जेल भेजा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम। लॉकडाउन में अकारण शहर में घूम रहे 77 लोगों पर धारा 151 की कार्रवाई कर अस्थायी जेल में भेजा है। इसी तरह बगैर मास्क के शहर में घूम रहे 45 और ग्रामीण क्षेत्र के 91 कुल 136 लोगों को मास्क वितरित कर शमन-शुल्क वसूला। इसी तरह शहरी क्षेत्र में मोटर व्हीकल के 62 और ग्रामीण क्षेत्र में 23 कुल 85 लोगों के चालान बनाए। इसी तरह दुकान खोलकर ग्राहकों की भीड़ इकट्ठा करने पर शहर में दो और ग्रामीण क्षेत्र में 12 दुकानदारों के खिलाफ जिला दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करने का प्रकरण दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार हाट रोड पर रेडीमेड वस्त्रों की दुकान खोलकर ग्राहकों की भीड़ एकत्रित करने पर सायना पति शाहिद और नावेद पिता सत्तार दोनों निवासी हाट रोड के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। अन्य जानकारी के अनुसार सेमलिया चौराहे पर किराना दुकान पर ग्राहकों की भीड़ मिलने पर समरथ सागर पावेचा के खिलाफ, रावटी के पास ब्बासिंद्रा में किराना दुकान खुली मिलने पर राजेश पिता गरबर लबाना, शिवगढ़ में किराना, स्वल्पाहार और अन्य दुकानें खुली मिलने पर रतलाम रोड निवासी नीलेश सुराना, सैलाना रोड निवासी विजय पिता गोविंद सिंह राठौड़, देवेंद्रसिंह पिता सरबसिंह, सेंट्रल बैंक के सामने निवासी मदन लबाना, पंचायत के सामने विनोद पिता उच्छबलाल टांक, बस स्टैंड निवासी रवींद्रपिता बाबूलाल सुराना और बांके बिहारी पिता कचरूलाल के खिलाफ तथा पिपलौदा में बीएसएनएल टॉवर के पास जूते-चप्पल की दुकान खुली मिलने पर फारुख पिता हुसैन खान निवासी पिपलौदा तथा पिपलौदा नाके पर हार्डवेयर और बिल्डिंग मटेरियल की दुकान खुली मिलने पर विजय पिता अंबाप्रसाद पाटीदार निवासी धामेड़ी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।



सैलाना में नगर सुरक्षा समिति सदस्यों के साथ भ्रमण करती एसआई राजश्री सिसौदिया।

दै. भास्कर 20-5-21

## दूसरे चरण में 30 प्रतिशत हुआ पूरा

पत्रिका

# नगर निगम शहर के कंटेनमेंट जोन में कर रहा सैनेटाइजेशन



रतलाम @ पत्रिका. शहर में कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी सैनिटाईजेशन का कार्य पहले चरण में 100 प्रतिशत होने के बाद अब दूसरे चरण में 30 प्रतिशत पूरा हो गया है। निगम के अनुसार जब तक कोरोना जारी रहेगा, यह कार्य जारी रहेगा। 20/5-21

विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाये जाने पर बनाये गये कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, ट्रेक्टर ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से सैनेटाईजेशन किया जा रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाये जाने पर बनाये गये विभिन्न कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, ट्रेक्टर ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से 112 कन्टेनमेंट क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी में 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर सैनेटाईजेशन का कार्य झोन अनुसार नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है ताकि कोविड-19 (कोरोना वायरस) के फैलाव को रोका जा सके। अब तक यह कार्य दूसरे चरण में 30 प्रतिशत पूरा हो गया है।

## 35 मरीजों को घर जाकर दी मेडिसिन किट

20/5-21

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम के वार्ड वार दलों ने बुधवार को 35 मरीजों को घर जाकर मेडिसिन किट दी।

ई-दक्ष केंद्र से स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह को 49 की सूची मिली थी। इनमें से 35 मरीज घर पर मिल गए, जबकि 3 अस्पताल में भर्ती थी। इसके अलावा दो नगरीय सीमा क्षेत्र से बाहर के पाए गए, 5 मरीजों को पहले ही किट मिल चुकी थी। अन्य 5 के नंबर और पते गलत निकले। इसके अलावा 58 किट मरीजों के परिजन को भी दी गई।

भास्कर 20-5-21

## नाले-नालियों की सफाई शुरू



रतलाम | नगर निगम ने मानसून पूर्व नाले-नालियों की सफाई शुरू कर दी है। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को पाबंद कर दिया है। कॉलेज रोड, श्रीमालीवास, हरमाला रोड ताज स्टोन के सामने वाले नाले की सफाई की गई।

भास्कर 20/5

## सफाई अभियान

# नाले-नालियों की सफाई का कार्य शुरू, 25 मई तक लक्ष्य



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

पत्रिका

रतलाम. वर्षा ऋतु के पूर्व नगर के समस्त नाले-नालियों की सफाई करवाये का कार्य नगर निगम ने शुरू कर दिया है। स्वास्थ्य प्रभारी एपीसिंह के नेतृत्व में यह कार्य जारी है। इन नालों को 25 मई के पूर्व साफ करने का लक्ष्य लिया गया है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि द्वारा दिये गये निर्देश के तहत निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नाले व नालियों में सफाई कार्य शुरू कर दिया गया है। निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा कॉलेज रोड, श्रीमालीवास, हरमाला रोड ताज स्टोन के सामने वाले नाले की सफाई का कार्य स्वास्थ्य अधिकारी सिंह की उपस्थिति में किया गया है। शहर के सभी बड़े व छोटे नालों की सफाई कार्य को 25 मई के पूर्व करने का लक्ष्य लिया गया है।

20/5-21

भास्कर

अब 31 मई तक



डाउन

वजह : रतलाम का पॉजिटिव रेट सबसे ज्यादा निकला, बुधवार को 10.41 प्रतिशत रहा रेट

सीएम की कोरोना रिहर्सल

# उज्जैन से जाना रतलाम का हाल, 25 मिनट की चर्चा में दिया 0 पॉजिटिव रेट का टारगेट

## नवागत कलेक्टर ने पांच दिन पहले ही कोरोना कर्फ्यू की मियाद 25 मई तक बढ़ाई थी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

11 दिन से घटता पॉजिटिव रेट बुधवार को 10.41% पहुंच गया। यह संभाग में सर्वाधिक है। इस कारण बुधवार को संभाग मुख्यालय से बैठकर सीएम ने चेताया कि केस कम होते देख अति आत्मविश्वास में न आएं। मुख्यमंत्री ने रतलाम के बारे में 25 मिनट चर्चा कर कोरोना संक्रमण दर शून्य तक लाने का टारगेट दिया है। अब कोरोना कर्फ्यू 31 मई तक चलेगा। कलेक्टर ने पांच दिन पहले लॉकडाउन 25 मई तक बढ़ाया था। ताऊ-ते की वजह से सीएम रतलाम नहीं आ सके। उन्होंने कहा रतलाम आना ड्यू रहेगा। विधायक काश्यप ने कहा ऑक्सीजन प्लांट चालू होने वाला है। सांसद डामोर ने कहा ब्लैक फंगस के इंजेक्शन भिजवाएं। जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे व ग्रामीण विधायक मकवाना ने कहा फंड दें।

### ऐसे घट रहा रतलाम जिले में पॉजिटिविटी रेट

| मई ▶ | संक्रमण दर | सैंपल | पॉजिटिव |
|---|---|---|---|
| 11 | 21.96% | 1525 | 335 |
| 12 | 24.71% | 1234 | 305 |
| 13 | 19.37% | 1538 | 298 |
| 14 | 14.89% | 1813 | 270 |
| 15 | 14.76% | 1652 | 244 |
| 16 | 12.14% | 1565 | 190 |
| 17 | 11.49% | 1479 | 170 |
| 18 | 11.26% | 1420 | 160 |
| 19 | 10.41% | 1556 | 162 |

### मुख्यमंत्री ने बताए कोरोना को काबू करने के उपाय

▪ पोस्ट कोविड केयर सेंटर बनाओ, निगेटिव होने वाले मरीज को ब्लैक फंगस, रक्त के थक्के पर भर्ती कर इलाज करें। ▪ संकल्प लें कि 31 मई तक सभी जिले संक्रमण की दर शून्य पर ले आएं। ▪ किल कोरोना अभियान जून में भी चलाएं। ▪ टेस्ट बढ़ाएं। ▪ तीसरी लहर के लिए तैयार रहें। ▪ ब्लैक फंगस के इंजेक्शन की व्यवस्था कर रहे हैं।

सुबह चली लेफ्ट-राइट

# सीएम के आने की खबर पर बंद करा दीं किराना दुकानें

## ग्रामीण क्षेत्रों से आए व्यापारियों को माणकचौक पुलिस ने लौटाया

**रतलाम** | सीएम शिवराजसिंह चौहान की आने की सूचना पर माणकचौक थाना पुलिस ने बुधवार सुबह 9.30 बजे ही धानमंडी का थोक किराना बाजार बंद करवा दिया। सुबह 9.20 बजे पुलिस पहुंची और जैसे ही व्यापारियों की दुकानें बंद करवाने लगी तो बाजार में भगदड़ मच गई। इससे सभी अपने वाहन लेकर वापस लौट गए।

लॉकडाउन में जिला प्रशासन ने होम डिलीवरी और ग्रामीण क्षेत्र के व्यापारियों के लिए व्यापार के लिए सप्ताह में अलग-अलग दिन निर्धारित किए हैं। बुधवार को ग्रामीण क्षेत्र के व्यापारियों के लिए बाजार खुला था। बाजार में खरीदारी चल ही रही थी कि पुलिस पहुंच गई और 9.30 बजे ही थोक किराना बाजार बंद करवा दिया। जबकि सीएम का दौरा 70 मिनट (दोपहर 12.35 से दोपहर 1.45) का था और वे औद्योगिक थाना क्षेत्र और स्टेशन रोड थाना क्षेत्र से गुजरने वाले थे। सीएम भले ही नहीं आए लेकिन सीएम जिस क्षेत्र से गुजरने वाले थे। वहीं की दुकानें यदि बंद करवाई जाती तो फिर भी ठीक रहता।

**हमें आदेश मिला था...** माणकचौक थाना प्रभारी अय्यूब खान ने बताया जिला प्रशासन ने दुकानें बंद करवाने के आदेश जारी किए थे।



दुकानें बंद करवाने से सुबह 9.30 बजे सुनसान हुआ धानमंडी क्षेत्र।

दै. भास्कर
20-5-21

# मई में वर्षा ऋतु का अहसास, रात का पारा गिरा

नईदुनिया 20



नाले की सफाई करते हुए नगर निगम कर्मचारी। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। लगातार तीन दिन बारिश के बाद जिले में मौसम के मिजाज पूरी तरह बदल गए हैं। मई माह में वर्षा ऋतु का अहसास हो रहा है। बुधवार को दिनभर बादल छाए रहे। कुछ देर हल्की बूंदाबांदी भी हुई। इससे मौसम खुशनुमा बन गया। आमजन को गर्मी से राहत मिली।

गुजरात-राजस्थान की सीमा से लगे जिले में रविवार से मंगलवार तक टाक्टे तूफान का असर देखने को मिला। रुक-रुककर रिमझिम-तेज बारिश होती रही। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

बुधवार को मौसम खुला रहने से दिन के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 31.2 व न्यूनतम 22.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार की तुलना में बुधवार को न्यूनतम तापमान में 0.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई, वहीं अधिकतम तापमान में 1.0 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई। सुबह की आर्द्रता 83 व शाम की 76 प्रतिशत रही, जो मंगलवार को क्रमशः 88 व 84 प्रतिशत थी।

### नाले-नालियों की सफाई का कार्य शुरू

रतलाम। वर्षा ऋतु के पहले शहर के समस्त नाले-नालियों की सफाई करवाने का कार्य निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा दिए गए निर्देश के तहत निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा कालेज रोड, श्रीमालीवास, हरमाला रोड ताज स्टोन के सामने वाले नाले की सफाई का कार्य स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह के निर्देशन में प्रारंभ किया गया।

### एक नजर तापमान की चाल पर

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 मई | 31.2 | 22.6 | 15 मई | 43.0 | 26.2 |
| 18 मई | 30.2 | 28.2 | 14 मई | 41.6 | 25.2 |
| 17 मई | 34.2 | 24.2 | 13 मई | 39.6 | 25.2 |
| 16 मई | 43.6 | 27.2 | 12 मई | 39.2 | 25.2 |

(तापमान डिग्री सेल्सियस में)

# अब माह के अंतिम सप्ताह में सीएम के रतलाम आने की संभावना

नईदुनिया 20



सीएम के आगमन को लेकर महू रोड सिटी फोरलेन के किनारों पर डाली गई चूने की लाइन। • नईदुनिया

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के बुधवार को रतलाम आने का कार्यक्रम खराब मौसम के चलते निरस्त हो गया। मंगलवार को कार्यक्रम आने के बाद से प्रशासन तैयारी में लग गया था और बुधवार सुबह तक तैयारी चलती रही। सुबह करीब नौ बजे सीएम का दौरा निरस्त होने की जानकारी मिलने के बाद अमला अन्य कामों में जुटा। अब सीएम के माह के अंतिम सप्ताह में आने की संभावना है।

मालूम हो कि सीएम दोपहर 12:35 बजे हेलीकाप्टर से रतलाम आकर 1:45 बजे उज्जैन जाने वाले थे। टाक्टे तूफान के चलते बारिश व बादल छाने के चलते कार्यक्रम में बदलाव कर दिया गया। इससे पहले बंजली हवाई पट्टी पर हेलीपेड पर बेरिकेड लगाकर कलेक्टोरेट तक पूरे मार्ग पर साफ-सफाई भी की गई। दो बत्ती क्षेत्र में सीवरेज की खोदाई के चलते हुए गड्ढों को भी चूरी डालकर भरा गया। निगम का अमला सुबह से चूने की लाइन डालने व सफाई में लगा रहा।

**मेडिकल कालेज पर ध्यान:** बंजली हवाई पट्टी के समीप ही मेडिकल कालेज स्थित है। सीएम के वहां से गुजरने के दौरान कालेज नहीं जाने पर भी आमजन में संदेश गलत जाता। कालेज में उपचार के अभाव में हुई मौतों को लेकर भी कोर्ट में याचिका दायर की गई है। इधर आक्सीजन प्लांट का काम भी अंतिम दौर में है। इसके चलते अब सीएम माह के अंत तक रतलाम आकर विस्तृत समीक्षा कर मेडिकल कालेज का निरीक्षण भी कर सकते हैं। इसी दौरे में आक्सीजन प्लांट का शुभारंभ किए जाने की भी संभावना है।

नई दुनिया 20/5/21

**घिरता जा रहा शहर** • बुधवार को राजस्व, नगर निगम अमले ने बनाए 12 कंटेनमेंट, प्रशासन ने चिह्नित कॉलोनियों में घर-घर सर्वे की गति बढ़ाई

# जवाहरनगर, अलकापुरी, कस्तूरबा नगर और दीनदयाल नगर में पहले से ज्यादा मिल रहे संक्रमित, 10 दिन में शहर में बन गए 124 कंटेनमेंट जोन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में संक्रमण का फैलाव पूरी तरह काबू में नहीं आया है। फिलहाल जवाहरनगर, अलकापुरी, कस्तूरबा नगर और दीनदयाल नगर सहित कुछ अन्य क्षेत्र हॉटस्पॉट बने हुए हैं। इन इलाकों में रोजाना तीन-चार या उससे ज्यादा पॉजिटिव मिल रहे हैं।

यही वजह है कि इन क्षेत्रों में कंटेनमेंट जोन भी बढ़ते जा रहे हैं। दस दिन में 124 कंटेनमेंट जोन बन चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा शहर के बाहरी इलाकों की कॉलोनियों में बनाए गए हैं इसलिए इन कॉलोनियों में तेजी से घर-घर सर्वे करवा रहा है।

**कब, कितने कंटेनमेंट बनाए**

| तारीख | संख्या |
|---|---|
| 10 मई | 5 |
| 11 मई | 13 |
| 12 मई | 13 |
| 13 मई | 11 |
| 14 मई | 14 |
| 15 मई | 14 |
| 16 मई | 06 |
| 17 मई | 18 |
| 18 मई | 19 |
| 19 मई | 12 |

## आठ स्थानों पर कोविड सहायता केंद्र भी चल रहे

8 स्थानों पर कोविड सहायता केंद्र भी चल रहे हैं। इनमें नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी, मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, स्टाफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बीमारों की मदद कर रहे हैं। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया वार्ड 33, 34, 35, 36 व 31 के लिए टीआईटी रोड डिस्पेंसरी, वार्ड 30, 31 व 32 के लिए जावरा रोड प्राथमिक स्कूल डीमार्ट रोड, वार्ड 27, 28 व 29 के लिए दिलीप नगर डिस्पेंसरी, वार्ड 20, 21, 22, 23, 24, 25, 44 व 45 के लिए मोती नगर प्राथमिक स्कूल, वार्ड 26, 37, 38, 39, 40, 41, 42 व 43 के लिए हकिमवाड़ा डिस्पेंसरी, वार्ड 15, 16, 17, 18, 19, 46, 47, 48 व 49 के लिए सुभाष नगर कम्युनिटी हॉल, वार्ड 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 8 के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गणेश नगर और वार्ड 9, 10, 11, 12, 13 व 14 के लिए रेडक्रॉस भवन विरियाखेड़ी मेन रोड पर केंद्र बनाया गया है। इन पर सर्दी खांसी, बुखार के लक्षण वाले रोगियों की प्राथमिक जांच कर परामर्श दिया जा रहा है।



रतलाम में बढ़ते कोरोना के बीच कंटेनमेंट बनाए जा रहे हैं।

**बुधवार को बने कंटेनमेंट जोन :** अलकापुरी, हिम्मत विहार कॉलोनी, अशोक नगर, करण नगर, जूनी कलालसेरी, दीनदयाल नगर एफ सेक्टर, वेदव्यास कॉलोनी, ताहेरपुरा, श्रीमालीवास, जवाहर नगर, मोहन नगर में दो।

भास्कर 20/5-21

भास्कर 20/5-21



# कन्टेनमेंट क्षेत्रों में किया जा रहा है सेनेटाईजेशन

रतलाम। कोविड-19 (कोरोना वायरस) के फैलाव को रोकने हेतु जिला कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाये जाने पर बनाये गये कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, ट्रेक्टर ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाये जाने पर बनाये गये विभिन्न कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, ट्रेक्टर ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से 112 कन्टेनमेंट क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी में 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर सेनेटाईजेशन का कार्य झोन अनुसार नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है ताकि कोविड-19 (कोरोना वायरस के फैलाव को जा सकें।

[illegible]

20-5-21

# खराब मौसम की वजह से नहीं आए सीएम, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ली बैठक

रतलाम। ताऊ ते तूफान की वजह से खराब हो रहे मौसम के चलते **मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को रतलाम नहीं आ पाए। मुख्यमंत्री ने उज्जैन से ही वीसी के माध्यम से कोरोना की रोकथाम पर चर्चा की और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।**

रतलाम जिले में कोरोना की रोकथाम की व्यवस्थाओं का जायजा लेने स्वयं मुख्यमंत्री रतलाम पहुंचने वाले थे। आगमन कि तैयारियां भी पूरी कर ली गई थी, लेकिन मुख्यमंत्री का दौरा रद्द होने से जिले के अधिकारी सीएम की विडिओ कांफ्रेंसिंग की बैठक की तैयारियों में जुट गए है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना संक्रमण काल मे अपने दौरे के दौरान जिले के आला अधिकारियों को आगवानी करने नहीं आने के निर्देश भी दिए थे। मुख्यमंत्री इस दौरे के दौरान 70 मिनट तक रतलाम में रहकर कोरोना की रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करने वाले थे। लेकिन ताऊ ते तूफान की वजह से बिगड़े मौसम ने मुख्यमंत्री के इस प्रस्तावित दौरे को प्रभावित कर दिया है।

## कोरोना की संक्रमण दर को 31 मई तक शून्य पर लाने का संकल्प लें

नवभारत

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश की जनता, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और शासकीय अमले के समन्वित प्रयासों से हम प्रदेश में कोरोना संक्रमण काबू करने की स्थिति में आ गए हैं। अभी हम अतिआत्मविश्वास में न आएं और किसी तरह की ढील न दें।



उन्होंने उज्जैन संभाग के सभी जिलों की उज्जैन से समीक्षा करते हुए कहा कि उज्जैन संभाग के सभी जिले कोरोना की संक्रमण दर को 31 मई तक शून्य पर लाने का संकल्प लें। समीक्षा के दौरान रतलाम एनआईसी कक्ष में रतलाम सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक रतलाम शहर चैतन्य काश्यप, विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, गोविंद काकानी, वीरेंद्र पाटीदार, पुलिस उपमहानिरीक्षक सुशांत सक्सेना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह, एडीएम जमुना भिडे, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता मौजूद थे इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टर को निर्देशित किया कि सभी जिलों में राशन का वितरण व्यवस्थित हो। कोई भी पात्र राशन के बगैर न रहे। बेसहारा हुए बच्चों को पेंशन योजना से लाभान्वित करने के लिए उन्हें चिन्हित कर लें। प्रदेश के शहरी स्ट्रीट वेंडर के खाते में राशि जमा कर दी गई है। अब ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर, भवन सनिर्माण मजदूरों के खातों में भी शीघ्र ही धनराशि जमा की जाएगी ताकि उनकी जीवनचर्या भी ठीक से चल सके। 20/5-21

### विशेष कार्ययोजना बनाएं

मुख्यमंत्री ने संभाग के सभी जिलों की समीक्षा की। रतलाम की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री श्री सिंह ने कहा कि रतलाम में संक्रमण के केस अभी कम नहीं हुए हैं। इसलिए जहां ज्यादा संक्रमण के केस मिल रहे हैं वहां के लिए अलग से योजना बनाएं। माइक्रो कंटेनमेंट एरिया बनाएं। गांव की क्रायसेस मैनेजमेंट कमेटी को सक्रिय करें। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में संक्रमण की दर को कम करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाकर प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले सात दिनों में जिले में एक्टिव केस घटे हैं। अस्पतालों में मरीजों को बेड की उपलब्धता हो रही है। रतलाम जिले में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने की प्रक्रिया भी जारी है। उन्होंने बताया कि रतलाम शहर में 110 कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं इसके परिणाम बेहतर मिले हैं, यहां केस कम हुए हैं। इसी तरह पूरे जिले में 400 से अधिक माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र बनाए गए हैं। उन्होंने रतलाम जिले में अब तक किए गए प्रयासों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

नवभारत
20/5-21

# नगरीय क्षेत्र में 112 कनटेंनमेंट झोन बनाये

रतलाम। कोविड-19 कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे है, उस क्षेत्र को कनटेनमेंट झोन बनाया जा रहा है जिसके तहत अब तक 93 कनटेंनमेंट झोन बनाये जा चुके है। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन में 11 से 18 मई तक टाटा नगर में 2, तेजा नगर में 2, ओझाखाली, प्रताप नगर, प्रताप नगर एक्टेंशन, प्रताप नगर एक्टेंशन में मकान नम्बर 5, 19 व 30, ऑफिसर्स कॉलोनी, बालाजी नगर, धावरिया बाजार, वकील कालोनी, ब्राम्हणों का वास, वेदव्यास कालोनी में 4, गुलमोहर कॉलोनी, देवरादेव नारायण नगर, जवाहर नगर, डोंगरे नगर, मोहन नगर, अलकापुरी अम्बे चौक के पास, आदर्श नगर गली नम्बर 3, सुनाना ड्रीम होम्स सुमंगल गार्डन के पास, कस्तुरबा नगर मुख्य मार्ग पर 2, दीनदयाल नगर मुख्य मार्ग, दीनदयाल नगर मकान नम्बर 38 व 196, दीनदयाल नगर राधा-कृष्ण स्कूल के पास, शास्त्री नगर में 2, राजपूत बोर्डिंग के पास 2, महेश नगर, सनसिटी कॉलोनी, दीनदयाल नगर सी सेक्टर में 1 व जी सेक्टर में 2, धीरजशाह नगर गली नम्बर 4 में 1 व गली नम्बर 5 में 2, सिलावटो का वास, कस्तुरबा नगर पीएण्डटी कॉलोनी, अम्बिका नगर, राजीव नगर, सुयोग परिसर, धावरिया बाजार, वेदव्यास कालोनी अभिलाषा अपार्टमेन्ट, खटीक मोहल्ला, दीनदयाल नगर डी सेक्टर, तेजा नगर गली नम्बर 4, नेमीनाथ नगर, गौशाला रोड, सुतारो का वास, जवाहर नगर, जनता नगर, अलकापुरी, भोयरा बावड़ी, ताहेरपुरा, अलकापुरी मुख्य मार्ग, कस्तुरबा नगर सांवरिया स्वीट् के पास, जवाहर नगर, बाणेश्वरी कॉलोनी, नेमीनाथ नगर, दीनदयाल नगर बी सेक्टर, तेजा नगर गली नम्बर 4 आदर्श गुरू कल्याण नगर, रिद्धी-सिद्धी कालोनी, सिद्धांचलम एक्सटेंशन, महेश नगर, इन्द्रा नगर, सैनिक कालोनी, टाटा नगर गली नम्बर 1 व 8, सिलावटो का वास अन्न क्षेत्र, करमदी रोड, सुदामा परिसर, अजंता पेलेस, राजस्व कालोनी, खटीक मोहल्ला, हाथीखाना, खटीक मोहल्ला, गौशाला रोड, जाटो का वास, नौलाईपुरा, टाटा नगर गली नम्बर 7, अरिहंत परिसर सेक्टर नम्बर 2 में 2 व 1 में 1, नूरी नगर ठंकाला रोड, सूरजमल जैन नगर, लक्ष्मीनगर ए कालोनी, एम.बी. नगर, लक्ष्मणपुरा पीएनटी कालोनी गली नम्बर 1, ग्लोबस टाउन शिप, अलकापुरी एम.आई.जी. 24 व 25 व अलकापुरी डी 27 व बी 279 में कन्टेनमेंट झोन बनाये गये है इस तरह 8 दिवस में 112 कनटेनमेंट झोन रतलाम नगरीय क्षेत्र में बनाये गये हैं।

20-5-21

## नगरीय क्षेत्र में 112 कंटेन्मेंट जोन बनाए

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे है, उस क्षेत्र को कंटेन्मेंट जोन बनाया जा रहा है। अब तक 93 कंटेन्मेंट झोन बनाये जा चुके है। आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में टीम द्वारा कंटेन्मेंट बनाने के साथ वहा सेनेटाईजेशन, स्क्रीनिंग और दवाई किट का वितरण भी किया जा रहा है।

20-5-21

# लॉकडाउन में नायब तहसीलदार ने खरीदा केक, दीपक बेकर्स पर छापा

- बिना मास्क काम करते मिले पांच कारीगर

**भास्कर संवाददाता | रतलाम**

बुधवार को नायब तहसीलदार पूजा भाटी ने लॉकडाउन चलने के बावजूद बड़ी आसानी से केक खरीद लिया। सखवाल नगर स्थित दीपक बेकर्स के संचालक ने जैसे ही नायब तहसीलदार को केक थमाया। आसपास पहले से तैयार खड़ी अफसरों की टीम ने बेकरी पर छापा मार दिया। दुकान के अंदर का नजारा भी कम चौंकाने वाला नहीं था। पांच कारीगर बिना मास्क के काम कर रहे थे। 40 किलो से अधिक केक बना हुआ था, जबकि कारीगर और केक तैयार कर रहे थे। प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने पर दुकानदार के विरुद्ध धारा 188 के तहत कार्रवाई की गई।

नेतृत्व एसडीएम अभिषेक गेहलोत कर रहे थे। सखवाल नगर के बाद सूचना को पुख्ता करने के लिए नायब तहसीलदार पूजा भाटी पहुंचीं। उन्होंने केक मांगा, दुकानदार ने कुछ ही देर में लाकर थमा दिया।



सखवाल नगर स्थित दीपक बेकर्स दुकान में अंदर कारीगर बिना मास्क पहने बना रहे थे केक।

## हाट रोड पर खुली थी दुकान, दुकानदार ने की अभद्रता, जेल भेजा

बुधवार को हाट रोड पर कपड़े और जनरल आइटम की दुकान खुली थी। नायब तहसीलदार नवीन गर्ग कार्रवाई करने पहुंचे। इस पर दुकान संचालक शाहिन व नावेद ने अभद्रता की तो धारा 151 में कार्रवाई कर दुकानदार को जेल भेज दिया है। दोनों आदतन अपराधी हैं।

**कंटेनमेंट का उल्लंघन :** उधर इंद्रलोक नगर में कंटेनमेंट क्षेत्र का उल्लंघन करने पर तीन लोगों के खिलाफ

**वीसी में मुख्यमंत्री :** संभाग के हर जिले की उज्जैन से की समीक्षा, रतलाम पर रहा ज्यादा फोकस

# सीएम बोले रतलाम में केस कम नहीं हुए, ज्यादा केस, वहां अलग से योजना बनाएं

पत्रिका सिटी इश्यू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



## रतलाम में केस कम नहीं हुए

*सीएम ने रतलाम की समीक्षा के दौरान कहा कि रतलाम में संक्रमण के केस अभी कम नहीं हुए हैं। इसलिए जहां ज्यादा संक्रमण के केस मिल रहे हैं वहां के लिए अलग से योजना बनाएं। माइक्रो कंटेनमेंट एरिया बनाएं। गांव की क्रायसिस मैनेजमेंट कमेटी को सक्रिय करें। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में संक्रमण की दर को कम करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाकर प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले सात दिनों में जिले में एक्टिव केस घटे हैं।*

रतलाम. मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का बुधवार को होने वाला रतलाम का दौरा खराब मौसम के कारण निरस्त हो गया। इसकी सूचना के बाद दौरे की तैयारियों में जुटे पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों को मिली तो उन्होंने राहत की सांस ली। इसके बाद दोपहर में उज्जैन पहुंचे सीएम ने वहीं से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रतलाम में कोरोना संक्रमण को लेकर दिशा-निर्देश दिए।

जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और शासकीय अमले के समन्वित प्रयासों से हम प्रदेश में कोरोना संक्रमण काबू करने की स्थिति में आ गए हैं। अभी हम अतिआत्मविश्वास में न आएं और किसी तरह की ढील न दें। सभी जिलों की उज्जैन से समीक्षा करते हुए सीएम ने कहा कि जिले संक्रमण दर को 31 मई तक शून्य पर लाने का संकल्प लें।

### किल कोरोना अभियान जारी रखा जाएगा

सीएम ने सभी जिलों की समीक्षा के बाद कहा कि संभाग के सभी जिलों में किल कोरोना अभियान निरंतर जारी रखें। यह अभियान जून में भी जारी रहेगा। अधिकतम टेस्ट करें तभी हम संक्रमण की चैन को तोड़ पाएंगे। होम आइसोलेशन में लोगों को योग से निरोग जैसे प्रयासों से प्रोत्साहित करें।

### आवश्यक इंजेक्शन की व्यवस्था कर रहे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए हमें अभी से तैयारी रखनी है। प्रदेश में पैरा मेडिकल स्टाफ की भर्ती की जा रही है। नर्स और डॉक्टर की भर्ती भी कर रहे हैं। ब्लैक फंगस के लिए इंजेक्शन की व्यवस्था की जा रही है। यह मिलते ही जिलों में इन्हें वितरित किया जाएगा। हर जिले में पोस्ट कोविड केयर सेंटर बनाएं। वहां संक्रमण मुक्त होने के बाद किसी मरीज को कोई परेशानी है तो उसे भर्ती करें। ब्लैक फंगस, रक्त के थक्के जमने जैसी समस्या वालों को भी यहां भर्ती करें।

### अभी वैक्सीनेशन अधिक कराए

सीएम ने कहा कि वैक्सीनेशन अधिक से अधिक करवाएं, वैक्सीन का कोई भी डोस व्यर्थ न जाने दें। सभी जिलों में राशन का वितरण व्यवस्थित हो। बेसहारा हुए बच्चों को पेंशन योजना से लाभान्वित करने के लिए उन्हें चिन्हित कर लें। शहरी स्ट्रीट वेंडर के खाते में राशि जमा कर दी गई है। जिले में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने की प्रक्रियाएं भी जारी है। शहर में 110 कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं। इसके परिणाम बेहतर मिले हैं, यहां केस कम हुए हैं। इसी तरह पूरे जिले में 400 से अधिक माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र बनाए गए हैं।

### ऑर्डर किया पर नहीं आई सिटी स्कैन

रतलाम शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि पिछले समय में हुए समन्वित प्रयासों से रतलाम शहर में संक्रमण नियंत्रित हुआ है। मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन प्लांट शीघ्र ही चालू होने वाला है। इसके बाद 100 ऑक्सीजन बेड और बढ़ाए जा सकेंगे। मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग स्टाफ की कमी है, इसे शीघ्र पूरा किया जाए। सिटी स्कैन मशीन का ऑर्डर तो हो चुका है, मगर उनकी डिलीवरी अब तक नहीं हो पा रही है। मशीन उपलब्ध हो जाए तो रतलाम की जनता को बड़ी राहत मिलेगी।

### ब्लैक फंगस इंजेक्शन अधिकार कलेक्टर को दे

विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि ब्लैक फंगस के लिए इंजेक्शन संबंधी अधिकार कलेक्टर स्तर पर दिए जाएं ताकि पीड़ितों को आसानी से यह सुविधा प्राप्त हो सके। ग्रामीण क्षेत्र में जून में खेती-किसानी किसानी की गतिविधियां प्रारंभ हो जाएगी, इसलिए इस संबंध में प्रदेश स्तर से आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। जलकर एवं बिजली बिल को 30 जून तक अधिभार से मुक्त रखने का भी आग्रह किया। ग्रामीण क्षेत्र में अगला समय चुनौती का रहेगा, इसलिए इन क्षेत्रों में विशेष प्रयास किए जाना आवश्यक है।

### मेन पावर की कमी है

जावरा विधायक डॉ. राजेन्द्र पांडे ने कहा कि रतलाम मेडिकल कॉलेज द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा हो रही है। यहां नर्सेस और मेन पावर काफी कम है। इसके साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों पर एएनएम की कमी महसूस की जा रही है, इस कमी को पूरा कर दिया जाए तो जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा। जावरा में विधायक निधि तथा स्थानीय स्तर पर समाजसेवियों द्वारा दिए गए सहयोग द्वारा ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की जा रही है।

### गांव में बेड बढ़ाने की व्यवस्था की

ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना ने कहा ऑक्सीजन कंसंट्रेटर एवं बेड बढ़ाने की व्यवस्था की जा चुकी है। ग्रामीण क्षेत्र में संक्रमण अधिक है। पिछले दिनों किए गए प्रयासों से स्थिति में सुधार हो रहा है। राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने कॉपरेटिव बैंक के माध्यम से किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति तथा वैक्सीनेशन बढ़ाने के लिए प्रयास संबंधी आग्रह किया।

### ये रहे मौजूद

रतलाम एनआईसी कक्ष में रतलाम सांसद गुमानसिंह डामोर, भाजपा के तीनों विधायक, समाजसेवी गोविंद काकानी, वीरेंद्र पाटीदार, डीआईजी सुशांत सक्सेना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षी सिंह, एडीएम जमुना भिडे, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता मौजूद थे।

पत्रिका
20/5-21

अब सुधर रही स्थिति...

# मेडिकल कॉलेज से 44 लोग डिस्चार्ज, 33 नए मरीज भर्ती किए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मेडिकल कॉलेज में अब धीरे-धीरे स्थिति सुधर रही है। दूसरी लहर में अब तक कॉलेज में भर्ती होने वाले मरीजों के मुकाबले डिस्चार्ज होने वाले मरीजों का आंकड़ा कम था। लेकिन बुधवार को भर्ती से ज्यादा मरीज डिस्चार्ज हुए। कॉलेज से 44 लोगों को डिस्चार्ज किया गया और नए 33 मरीज ही भर्ती हुए।

हालांकि अभी कॉलेज में आईसीयू, एचडीयू और ऑक्सीजन बेड की हालत नहीं सुधरी है। बुधवार को कॉलेज में आईसीयू के सभी 56 बेड, एचडीयू के सभी 172 बेड, ऑक्सीजन के सभी 180 बेड फुल हो गए। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 हैं, इसमें से 38 बेड पर ही मरीज भर्ती है। कॉलेज में कुल 466 मरीजों का इलाज हो रहा है, इनमें से 289 पॉजिटिव हैं। वहीं, 104 बेड अभी खाली हैं। इधर 484 रेमडेसिविर इंजेक्शन का स्टॉक बचा है।



# दुकान भी खोली, अभद्रता भी की, प्रशासन ने प्रकरण बनाया और जेल भेजा

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर शहर में प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए की जा रही है। हाट रोड पर कपड़े एवं जनरल आइटम की दुकान खुली पाए जाने पर नायब तहसीलदार नवीन गर्ग द्वारा संबंधित दुकानदार के विरुद्ध कार्यवाही की गई।

कानदार ने कार्यवाही के दौरान प्रशासनिक अमले के साथ अभद्रता की और अनावश्यक विवाद किया। प्रशासन की टीम द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने पर धारा 188 के तहत कार्रवाई की तथा अभद्रता करने पर धारा 151 के तहत कार्रवाई पर दुकानदार को जेल भेजने की कार्रवाई की।

**कंटेनमेंट का उल्लंघन करने पर 3 के विरुद्ध कार्रवाई**–इसी तरह इंद्रलोक नगर में कंटेनमेंट क्षेत्र का उल्लंघन करने पर तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। ग्लोबल सिटी इंद्रलोक नगर क्षेत्र में कंटेनमेंट क्षेत्र में संक्रमित परिवारों के अतिरिक्त अन्य मकानों में निवासरत लोगों का सैंपल लिया गया। यहां दो पॉजिटिव पाए गए। इन्हें कोविड केयर सेंटर भिजवाया गया। उल्लेखनीय है कि प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन करने पर निरंतर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही गली, मोहल्लों, कालोनियों में समूह बनाकर घूमने और व्यर्थ बैठने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# केक बनाकर बेच रहा था, प्रशासन ने की कार्रवाई

रतलाम। प्रतिबंधात्मक आदेश लागू होने के बावजूद रतलाम शहर के सखवाल नगर में दीपक बेकर्स द्वारा बड़ी मात्रा में केक बनाकर बेचे जा रहे थे। प्रशासन ने इसके खिलाफ कार्रवाई की है ।कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रतलाम शहर में एसडीएम अभिषेक गहलोत के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार नवीन गर्ग एवं सुश्री पूजा भाटी द्वारा सखवाल नगर में दीपक बेकर्स के विरुद्ध कार्रवाई की गई। प्रशासन को सूचना प्राप्त हुई कि दीपक बैकर्स द्वारा बड़ी मात्रा में केक बनाकर बेचा जा रहा है। यह केक दुकान से तथा बाइक के माध्यम से भी बेच रहा था। टीम द्वारा नायब तहसीलदार पूजा भाटी को केक खरीदने के लिए भेजा गया। उन्होंने वहां जैसे ही केक खरीदने करने के लिए कहा, दुकानदार द्वारा उन्हें केक उपलब्ध करवा दिया। यहीं खड़ी प्रशासन की टीम द्वारा दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की गई। दुकान में 5 कारीगर बिना मास्क के के काम करते पाए गए। चालीस किलो से अधिक का केक बना हुआ था। यहां मौजूद कारीगरों द्वारा और केक बनाया जा रहा था। प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन


# केक बनाकर बेच रहा था, प्रशासन ने की कारंवाइ

रतलाम। प्रतिबंधात्मक आदेश लागू होने के बावजूद रतलाम शहर के सखवाल नगर में दीपक बेकर्स द्वारा बड़ी मात्रा में केक बनाकर बेचे जा रहे थे। प्रशासन ने इसके खिलाफ कार्रवाई की है ।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रतलाम शहर में एसडीएम अभिषेक गहलोत के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार नवीन गर्ग एवं पूजा भाटी द्वारा सखवाल नगर में दीपक बेकर्स के विरुद्ध कार्रवाई की गई। प्रशासन को सूचना प्राप्त हुई कि दीपक बैकर्स द्वारा बड़ी मात्रा में केक बनाकर बेचा जा रहा है। यह केक दुकान से तथा बाइक के माध्यम से भी बेच रहा था। टीम द्वारा नायब तहसीलदार पूजा भाटी को केक खरीदने के लिए भेजा गया।





उन्होंने वहां जैसे ही केक खरीदने करने के लिए कहा, दुकानदार द्वारा उन्हें केक उपलब्ध करवा दिया। यहाँ खड़ी प्रशासन की टीम द्वारा दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की गई। दुकान में 5 कारीगर बिना मास्क के के काम करते पाए गए। चालीस किलो से अधिक का केक बना हुआ था। यहां मौजूद कारीगरों द्वारा और केक बनाया जा रहा था। प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने पर दुकानदार के विरुद्ध धार 188 के तहत कार्रवाई की गई।

## दुकान भी खोली, अभद्रता भी की, प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा

हाट रोड पर कपड़े एवं जनरल आइटम की दुकान खुली पाए जाने पर नायब तहसीलदार नवीन गर्ग द्वारा संबंधित दुकानदार के विरुद्ध कार्यवाही की गई। कानदार ने कार्यवाही के दौरान प्रशासनिक अमले के साथ अभद्रता की और अनावश्यक विवाद किया। प्रशासन की टीम द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने पर धारा 188 के तहत कार्रवाई की तथा अभद्रता करने पर धारा 151 के तहत कार्रवाई पर दुकानदार को जेल भेजने की कार्रवाई की।

## कंटेनमेंट उल्लंघन की 3 पर कार्रवाई

इसी तरह इंद्रलोक नगर में कंटेनमेंट क्षेत्र का उल्लंघन करने पर तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। ग्लोबल सिटी इंद्रलोक नगर क्षेत्र में कंटेनमेंट क्षेत्र में संक्रमित परिवारों के अतिरिक्त अन्य मकानों में निवासरत लोगों का सैंपल लिया गया। यहां दो पॉजिटिव पाए गए। इन्हें कोविड केयर सेंटर भिजवाया गया। उल्लेखनीय है कि प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन करने पर निरंतर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही गली, मोहल्लों, कालोनियों में समूह बनाकर घूमने और व्यर्थ बैठने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## मेडिकल कॉलेज से स्वस्थ होने पर 44 डिस्चार्ज

रतलाम। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रतलाम से स्वस्थ होकर बुधवार को 44 व्यक्ति अपने घर लौटे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज में 33 नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आईसीयू बेड 56 सभी फुल है, एचडीयू में 172 बैड सभी फुल हैं। ऑक्सीजन बेड 180 सभी फुल हैं। नॉन ऑक्सीजन बैड 142 में से 38 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 466 पेशेंट हॉस्पिटल में भर्ती है इनमें 289 पॉजीटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं। हॉस्पिटल में रिक्त बेड 104 है।

नवभारत 20/5

## फायर लॉरी से किया जा रहा सेनेटाईज

रतलाम। निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 19 मई को फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, ओल्ड ग्लोबस कॉलोनी, चन्द्रेश्वर महादेव मंदिर से नई पानी की टंकी तक, अलकापुरी गांधी स्कूल सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया।

20/5-21

उज्जैन में क्राइसिस मैनेजमेंट सदस्यों से मुख्यमंत्री की चर्चा

# संक्रमण नियंत्रण के लिए और सख्ती से कार्य करें



उज्जैन ● स्वदेश समाचार

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश में हम कोरोना से जंग जीतने के निर्णायक दौर में पहुंच गए हैं। अत: कोरोना संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए अभी और सख्ती के साथ कार्य करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री चौहान बुधवार को उज्जैन जिले से वेबकास्टिंग के माध्यम से उज्जैन संभाग के सभी जिलों एवं तहसील स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट समूह के सदस्यों को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरजिले में एक-एक पोस्ट कोविड केयर सेन्टर बनाया जायेगा। वर्तमान समय में कोरोना संक्रमण के बाद ब्लैक फंगस और खून के थक्के जमने के कई प्रकरण सामने आये हैं। हमें अब इस नये संकट से भी लड़ाई लड़नी है।

### तीसरी लहर से निपटने के लिए भी तैयारी करें

- मध्यप्रदेश में 31 मई के बाद लॉकडाउन से राहत मिलने लगेगी। शुरुआत उज्जैन से हो सकती है। मुख्यमंत्री ने इसके संकेत बुधवार को उज्जैन में दिए। 31 मई तक सख्त लॉकडाउन रहेगा। इसके बाद 1 जून से धीरे-धीरे जिलों को खोला जाएगा। ये फैसला सिर्फ उज्जैन संभाग के लिए ही है।
- मुख्यमंत्री ने संकेत दिए कि कोरोना नियंत्रण में रहा तो जून में शहर खोलना शुरू किए जाएंगे। सीमित संख्या में विवाह समारोह की अनुमति दी जाएगी। तीसरी लहर की तैयारी करनी है। यह लहर छोटी आए या फिर बड़ी अभी से तैयारी कर लें।

( विस्तृत समाचार पृष्ठ 5 पर )

आदेश जारी :कोरोना से अनाथ बच्चों को 21 साल की उम्र तक मिलेगी

# हर महीने 5 हजार रुपए पेंशन

भोपाल ● 19 मई ( वा )

मध्यप्रदेश में कोरोना से अनाथ हुए बच्चों को राहत देने के लिए नियम तैयार हो गए हैं। श्रम विभाग ने मुख्यमंत्री कोविड-19 जन कल्याण (पेंशन, शिक्षा व राशन) योजना का आदेश जारी कर दिया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कोरोना से अनाथ हुए बच्चों को 21 साल की उम्र तक हर महीने 5 हजार रुपए की पेंशन दी जाएगी। यह योजना 30 मार्च 2021 से 31 जुलाई 2021 तक लागू रहेगी। इस अवधि के दौरान ही कोरोना से मृत्यु होने पर अनाथ आश्रितों को योजना का लाभ मिलेगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### हर महीने 5 हजार रुपए...

श्रम विभाग के आदेश के मुताबिक कोविड से माता-पिता



## कन्टेनमेंट क्षेत्रों में किया जा रहा है सेनेटाईजेशन

रतलाम। कोविड-19 (कोरोना वायरस) के फैलाव को रोकने हेतु जिला कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाये जाने पर बनाये गये कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, ट्रेक्टर ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाये जाने पर बनाये गये विभिन्न कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, ट्रेक्टर ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से 112 कन्टेनमेंट क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी में 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर सैनेटाईजेशन का कार्य झोन अनुसार नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है ताकि कोविड-19 (कोरोना वायरस) के फैलाव को जा सकें।

[illegible] रतलाम 20/5-21

# नगरीय क्षेत्र में 112 कनटेंनमेंट झोन बनाये

रतलाम। कोविड-19 कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक, नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे है, उस क्षेत्र को कनटेनमेंट झोन बनाया जा रहा है जिसके तहत अब तक 93 कनटेंनमेंट झोन बनाये जा चुके है। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन में 11 से 18 मई तक टाटा नगर में 2, तेजा नगर में 2, ओझाखाली, प्रताप नगर, प्रताप नगर एक्टेंशन, प्रताप नगर एक्टेंशन में मकान नम्बर 5, 19 व 30, ऑफिसर्स कॉलोनी, बालाजी नगर, धावरिया बाजार, वकील कालोनी, ब्राम्हणों का वास, वेदव्यास कालोनी में 4, गुलमोहर कॉलोनी, देवरादेव नारायण नगर, जवाहर नगर, डोंगरे नगर, मोहन नगर, अलकापुरी अम्बे चौक के पास, आदर्श नगर गली नम्बर 3, सुनाना ड्रीम होम्स सुमंगल गार्डन के पास, कस्तुरबा नगर मुख्य मार्ग पर 2, दीनदयाल नगर मुख्य मार्ग, दीनदयाल नगर मकान नम्बर 38 व 196, दीनदयाल नगर राधा-कृष्ण स्कूल के पास, शास्त्री नगर में 2, राजपूत बोर्डिंग के पास-2, महेश नगर, सनसिटी कॉलोनी, दीनदयाल नगर सी सेक्टर में 1 व जी सेक्टर में 2, धीरजशाह नगर गली नम्बर 4 में 1 व गली नम्बर 5 में 2, सिलावटो का वास, कस्तुरबा नगर पीएण्डटी कोलोनी, अम्बिका नगर, राजीव नगर, सुयोग परिसर, धावरिया बाजार, वेदव्यास कालोनी अभिलाषा अपार्टमेन्ट, खटीक मोहल्ला, दीनदयाल नगर डी सेक्टर, तेजा नगर गली नम्बर 4, नेमीनाथ नगर, गौशाला रोड, सुतारो का वास, जवाहर नगर, जनता नगर, अलकापुरी, भोयरा बावड़ी, ताहेरपुरा, अलकापुरी मुख्य मार्ग, कस्तुरबा नगर सांवरिया स्वीट् के पास, जवाहर नगर, बाणेश्वरी कॉलोनी, नेमीनाथ नगर, दीनदयाल नगर बी सैक्टर, तेजा नगर गली नम्बर 4 आदर्श गुरू कल्याण नगर, रिद्धी-सिद्धी कालोनी, सिद्धांचलम एक्सटेंशन, महेश नगर, इन्द्रा नगर, सैनिक कालोनी, टाटा नगर गली नम्बर 1 व 8, सिलावटो का वास अन्न क्षेत्र, करमदी रोड, सुदामा परिसर, अजंता पेलेस, राजस्व कालोनी, खटीक मोहल्ला, हाथीखाना, खटीक मोहल्ला, गौशाला रोड, जाटो का वास, नौलाईपुरा, टाटा नगर गली नम्बर 7, अरिहंत परिसर सेक्टर नम्बर 2 में 2 व 1 में 1, नूरी नगर डंकाला रोड, सूरजमल जैन नगर, लक्ष्मीनगर ए कालोनी, एम.बी. नगर, लक्ष्मणपुरा पीएनटी कालोनी गली नम्बर 1, ग्लोबस टाउन शिप, अलकापुरी एम.आई.जी. 24 व 25 व अलकापुरी डी 27 व बी 279 में कन्टेनमेंट झोन बनाये गये है इस तरह 8 दिवस में 112 कनटेनमेंट झोन रतलाम नगरीय क्षेत्र में बनाये गये हैं।

[illegible] रतलाम
20/5-21